# तेज धूप के बाद भी दिन में ठंड का सितम, पारा 3.9 डिग्री सेल्सियस

ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। तापमान नीचे गिर रहा है। दिन में तेज धूप के बाद भी ठंडी का सितम बरकरार है। दिन भर लोग धूप के बाद भी ठंड में ठिठुर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सतना में पिछले डेढ़ महीने से जबरदस्त ठंड पड़ रही है।

सतना।

पिछले डेढ़ हफ्ते पहले धूप नहीं निकलने की वजह से ठंडी का सितम तेज हो गया था अब दोपहर के वक्त धूप निकलने के कारण लोग थोड़ा राहत महसूस कर रहे हैं लेकिन शाम होते ही ठंडी हवा चलने लगती है और ठिठुरन हो जाती है।





### कैसे चल रहा तापमान का चक्र

मौसम विभाग की आंकड़ों के मुताबिक पिछले शुक्रवार को अधिकतम तापमान 15.9 और न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इसी प्रकार शनिवार को अधिकतम तापमान 15.5 और न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस रविवार को अधिकतम तापमान 21.7 और न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस सोमवार को अधिकतम तापमान 22.3 और न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.02 और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 23.7 और न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बालिकाओं को उपहार स्वरूप स्वेटर्स का वितरण



**सतना।** आल इंडिया लीनेस क्लब विंध्य ने अंकुरण तरु के सहयोग से लीनेस अध्यक्ष लीनेस मौसमी बनर्जी के नेतृत्व में अंकुरण सीमा अग्रवाल के मार्गदर्शन पर कामता टोला स्थित सरकारी स्कूल में बालिकाओं को उपहार स्वरूप स्वेटर्स का वितरण बालिकाओं के बीच किया। बच्चियों के चेहरे उपहार पाकर खुशी से खिल उठे।सभी बच्चों को पढ़ाई का महत्व भी समझाया गया। इस अवसर पर अंकुरण सदस्यों के साथ साथ लीनेस क्लब विंध्य के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### मैहर में लूट, आरोपी गिरफ्त में

**मैहर।** गिरगिटा इलाके में लाखों रुपए की लूट होने की घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी मैहर मुकेश वेश,नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,अनिल सिंह बघेल,संजय तिवारी,प्रकाश सिंह आदि ने घेराबंदी कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है खबरों के मुताबिक लूटी गई रकम भी बरामद की जा चुकी है आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### जुआ फड में पुलिस का छापा,10 गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को धर दबोचा है। जिनके पास से 1 लाख 59 हजार रुपए बरामद की गई है। पुलिस की कार्यवाही से जवानों के बीच में सनसनी फैल गई है। पकड़े गए जुआरियों से पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है। वहीं,जुआ फड़ चलाने वाला मुख्य आरोपी मनीष सिंह भुलनी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जिसकी तलाश की जा रही है। दरअसल,मामला नागौद थाना क्षेत्र के ग्राम रेरुआ खुर्द का है। पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि सड़क किनारे एक खेत में बनी मड़ैया के अंदर कई दिनों से जुआरियों का अड्डा जमता है। जिसपर टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी गई है। पुलिस को देखते ही सभी ने वहां से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें भागने का मौका नहीं मिला। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,जुआरियों के नाम शिव गुप्ता,नारायाण चौधरी,संदीप मिश्रा,अजय गर्ग,राकेश सिंह,विनोद गुप्ता,सचिन मिश्रा,चंद्रदेव सिंह,कृष्णा त्रिपाठी और दुर्गेश चौरसिया है। फिलहाल,सभी से पूछताछ जारी है।जानकारी के मुताबिक जुआ खेलने के लिए पन्ना,छतरपुर, कटनी,सतना,रीवा,उमरिया और चित्रकूट से सटे उत्तर प्रदेश के इलाकों से भी लोग यहां पर जुआ खेलने आते हैं।

### नमो नवमतदाता सम्मेलन घुनवारा में आज

**मैहर।** भाजयुमो के तत्वाधान में अमदरा मण्डल और बदेरा मंडल की संयुक्त सम्मेलन ग्राम घुनवारा में 25 जनवरी को सुबह 10 बजे से रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी होंगे जबकि अध्यक्षता भाजपा मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने करेंगे। इस अवसर पर मंडल के समस्त पदाधिकारी,मोर्चों के मंडल अध्यक्ष व उनके पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के समस्त पदाधिकारी बूथ के अध्यक्ष व समस्त बूथ कमेटी,मंडल के एक-एक कार्यकर्ताओं से अपील की जा रही है।

### 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

**सतना।** 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मुख्यतिथ्य में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित संजय राव झाड़े करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कलेक्टर सुबह पहुंचे बच्चों के बीच

## नि:शुल्क कोचिंग ले रहे बच्चों को बैठने के लिए की हाल की व्यवस्था

सतना।

शासकीय व्यंकट क्रमांक-2 विद्यालय के मैदान में पिछले कई वर्षों से विद्यालय के व्याख्याता आलोक सिंह द्वारा कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों को दो बैच में निशुल्क कोचिंग दी जा रही है। कलेक्टर अनुराग वर्मा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे बच्चों के बीच पहुंचे और उनकी हौसला अफजाई की। कलेक्टर ने इस प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों की मांग पर उन्हें सुव्यवस्थित रुप से बैठकर पढ़ने के लिए स्कूल में एक वृहद कक्ष उपलब्ध कराने के निर्देश प्राचार्य को दिए। शासकीय व्यंकट क्रमांक-2 स्कूल सतना के व्याख्याता आलोक सिंह ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के बच्चों को फिजिक्स विषय की निःशुल्क कोचिंग देने का काम वर्ष 2015 से शुरु किया। शुरुआत के दौर में रामा कृष्णा कॉलेज के परिसर में बच्चों को सुबह पढ़ाते रहे। बाद में कोरोना के समय मुख्तयारगंज के शिवलोक में बच्चों को इकट्ठा कर पढ़ाया। पिछले 2 साल से शासकीय व्यंकट क्रमांक-2 के खुले मैदान में बाउंड्री के भीतर बच्चों को दो बैच में फिजिक्स पढ़ाया जा रहा है। इस दौरान निःशुल्क कोचिंग प्रातः 6 से 7 बजे तक बारहवीं क्लास और 7 से 8 बजे तक कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए है। निःशुल्क कोचिंग का सत्र अप्रैल से शुरु होता है और बोर्ड परीक्षाओं तक निरंतर चलता है। कक्षा 10 वीं और 12 वीं के बैच में 500-500 के लगभग छात्र-छात्राएं फिजिक्स की निःशुल्क कोचिंग ले रही हैं। कोचिंग के छात्र बैठने के लिए टाट-फट्टी खुद लाते हैं और शिक्षा के लिए ब्लैक बोर्ड,चाक की व्यवस्था भी करते हैं। विगत दिनों पूर्व निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रही बालिकाओं ने कलेक्टर से भेंट कर उन्हें कोचिंग की जानकारी दी तथा बैठने के लिए एक उचित जगह की मांग की थी। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कलेक्टर अनुराग वर्मा निःशुक्ल कोचिंग प्राप्त कर रही बालिकाओं के बीच पहुंचे और उनकी पठन-पाठन में रुचि और आगे बढ़ने की ललक को देखकर शासकीय व्यंकट क्रमांक-2 विद्यालय में एक वृहद कक्ष पठन-पाठन के लिए उपलब्ध कराया।



# पतंग बाजी और रंगोली प्रतियोगिता के साथ नगर गौरव दिवस प्रारंभ

## महापौर ने देखी रंगोली कलेक्टर ने उड़ाई पतंग

**सतना।** बुधवार से नगर निगम का नगर गौरव दिवस कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता पतंग बाजी के अलावा कार्यक्रम आयोजित किए गए। महापौर योगेश ताम्रकार ने प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई रंगोली पेंटिंग देखी वहीं दूसरी और कलेक्टर अनुराग वर्मा ने पतंग उड़ाई। आपको बता दें कि दो दिवसीय नगर गौरव दिवस के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक हास्य कवि शंभू शिखर होंगे तो संगीतमयी शाम में मशहूर गायिका पलक पुच्छल अपने सुरों का जादू बिखेरेंगी। नगर गौरव दिवस दो दिवसीय 24 एवं 25 जनवरी को मनाया जाएगा। बीटीआई ग्राउंड में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आनंद उत्सव के इस कार्यक्रम में पंतगबाजी प्रतियोगिता,उत्सव पेंटिंग प्रतियोगिता, मैहर बैण्ड की प्रस्तुती के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन है।





# कलेक्टर ने मैहर में स्टेडियम का लिया जायजा

सतना।

मैहर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर रानी बाटड ने मैहर स्टेडियम का जायजा लिया। यहां गणतंत्र दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम का चयन किया गया। साथ ही परेड और सलामी का रिहर्सल भी किया गया।कलेक्टर ने स्टेडियम में उपस्थित सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को कार्यक्रमों की प्रस्तुति की समय-सीमा को ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मुकेश वैश्य,एसडीएम सुरेश जादव,तहसीलदार जितेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

### मैहर जिला में कलेक्टर रानी बाटड करेंगी ध्वजारोहण

नवगठित जिला मैहर में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। मैहर जिले के गणतंत्र दिवस के प्रथम जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कलेक्टर रानी बाटड ध्वजारोहण करेंगी। जिला स्तरीय मुख्य समारोह मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यक्रमानुसार 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे से 9:05 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगी। प्रातः 9:05 बजे से 9:10 बजे तक परेड का निरीक्षण,प्रातः 9:10 बजे से 9:30 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन,प्रातः 9:30 बजे से 9:40 तक मार्चपास्ट,प्रातः 9:40 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन,विभिन्न विभागों द्वारा झाकियों का प्रदर्शन एवं प्रातः 10:30 बजे से पुरुस्कार वितरण किया जायेगा।

### भारत पर्व का कार्यक्रम सरस्वती स्कूल में

गणतंत्र दिवस की संध्या पर मैहर जिले में भारत पर्व का आयोजन मैहर के सरस्वती स्कूल में आयोजित किया जायेगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन सांस्कृतिक,देशभक्ति गीतों के माध्यम से किया जायेगा। आयोजन स्थल पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदेश में हुए प्रगति और विकास कार्यों तथा नये कानूनों पर केन्द्रित छाया चित्र प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

# यूसीएल ने छात्र/छात्राओं को गरम कपड़े यूनिफार्म, जूते इत्यादि का किया वितरण

सतना।



विंध्य क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक संस्थान युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ वाय.एस. लोढ़ा के निर्देशन में यू.सी.एल. द्वारा सी.एस.आर. के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला, फुटौंधा, बाबूपुर, सतना में छात्र/ छात्राओं को गरम कपड़े, स्कूल यूनिफार्म और जूता/मोजा इत्यादि का निः शुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सतना जिले के कलेक्टर अनुराग वर्मा को संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी वर्ग ने गुलदस्ता भेंट कर किया। इसके उपरांत कलेक्टर के कर कमलों द्वारा छात्र/छात्राओं को गरम कपड़े इत्यादि वितरित किये गये। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने अपने उद्बोधन में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ वाय.एस.लोढ़ा के इस उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया, आगे उन्होने कहा कि यह एक बहुत ही पुण्य का कार्य है इससे छात्र/ छात्राओं को बहुत सहयोग मिलेगा। इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान के कंपनी सेक्रेटरी सुदीप जैन द्वारा किया गया और उन्होंने अपने आरम्भिक उद्बोधन में कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि संस्था द्वारा आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य होते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में असिस्टेंट वाईस प्रेसीडेन्ट (एच.आर एण्ड आई.आर.) योगेश सिंह राठौर द्वारा कलेक्टर अनुराग वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर हेड मास्टर राम विश्वास चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता, शैलेन्द्र सिंह, सद्धू सिंह, आनन्द द्विवेदी एवं युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड के अशोक कुमार डागर, भानू सिंह शेखावत, गुरू प्रसाद शुक्ला, व्ही.डी. पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, विनोद मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# एकेएस में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य प्रसारण

सतना।



एकेएस विश्वविद्यालय सतना के केंद्रीय सभागार में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड के पाठ से हुआ।संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार ने सुंदरकांड का सामूहिक वचन करते हुए संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तत्पश्चाप एकेएस प्रोडक्शन के द्वारा निर्मित म्यूजिक एल्बम आ गए अपने घर रघुनंदन का विमोचन किया गया। डॉ.सुधीर जैन द्वारा रचित पंक्तियों को सुरों में पिरोकर प्रियेश झा ने संगीत का रूप दिया। एल्बम के गायक प्रियेश झा और उत्कर्ष चौहान ने काफ़ी बेहतरी से काम किया। एल्बम के फिल्मांकन में सुश्री शिवम सिलधरिया ने भगवान श्रीराम,सुकृति सोनी ने सीता मैया,अमोल सिंह ने लक्ष्मण और जीशान आलम ने भगवान श्री हनुमान और राखी सिंह ने माता शबरी की भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### चोरी का मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार

**गुनौर।** थाना गुनौर क्षेत्र अंतर्गत द्वारा फरियादी दीपेंद्र पटेल निवासी गुनौर ने थाना गुनौर में उपस्थित होकर ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 20/12/23 को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसका वीवो कंपनी का मोबाइल चोरी कर लिया है फरियादी की उक्त सूचना पर थाना गुनौर में अपराध क्र. 28/24 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान उक्त मोबाइल नंबर की तलाश पतारासी की गई जिसमें उक्त मोबाइल नंबर का एक आरोपी के द्वारा चलाया जाना पाया गया जिसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किए जाने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसके द्वारा एक महीना पहले फरियादी का मोबाइल चुरा लिया था एवं उसमें पड़ी हुई सिम तोड़कर फेंक दी थी एवं अपनी सिम डाल ली थी जिससे आरोपी को गिरफ्तार करके चोरी गया वीवो कंपनी का मोबाइल कीमती करीबन बीस हजार का बरामद कर लिया गया है। महत्वपूर्ण भूमिका- **उक्त संपूर्ण** करवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुन्नौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, अनिल सिंह राजपूत साइबरसेल पन्ना, उप निरीक्षक केशव सिंह ,सहायक निरीक्षक अशोक गौतम , प्रधान आरक्षक सुरेश चंद्र पांडे के द्वारा की गई ।

### कांग्रेस पर बरसे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम, कहा संजय यादव जानने के बाद बोले तो अच्छा होगा

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम ने आज स्थानीय सर्किट हाउस पन्ना में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी संजय यादव ने निराधार आरोप लगाकर यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस के पास आज



मुद्दे नहीं बचे। वह केवल काल्पनिक तौर पर आरोप लगाने का काम करती है। कांग्रेस के जमाने में उनके विधायक सांसद कभी काम नहीं करते थे यही कारण है कि आज कांग्रेस विपक्ष में हैं कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी श्री यादव ने बिना किसी तथ्यों को रखें भाजपा के स्थानीय सांसद व प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा के ऊपर आरोप लगाए इससे यह प्रमाणित होता है कि कांग्रेस के नेता आधारहीन बातें करते हैं। श्री गौतम ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा ने अपनी निधि से इस क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के काम किया एवं विकास से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने स्थानीय विधायकों का सहयोग किया व मिलकर काम किया तब जाकर आज इस क्षेत्र का विकास संभव हो सका है। श्री गौतम ने कहा कि जिला चिकित्सालय पन्ना में आईसीयू वेंटीलेटर और आइसोलेशन स्थापित किया, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए कामन शेड निर्माण कार्य श्री जुगल किशोर मंदिर पन्ना के सांस्कृतिक मंच बनाया। सौर ऊर्जा स्टीट लाईट्स जिला पन्ना में 400 नाग लगवाएं एवं पवई विधानसभा के हनुमान भाटा में काम कराया , शाहनगर में नवीन सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य कराये। जिला चिकित्सालय पन्ना में शव वाहन की व्यवस्था की। श्री गौतम ने कहा कि कटनी व पन्ना में मेडिकल कॉलेज खोले जाने के लिए प्रयास किया। पन्ना में कृषि महाविद्यालय बनाने में प्रयास किया। पन्ना पहाड़ी खेरा मार्ग का उन्नयन का काम किया। एन.एच. 39 से सकरिया, ककरहटी, गुनौर, डिघौरा होते हुए एन.एच.943तक मार्ग निर्माण। अमानगंज गुनौर मार्ग के लिए काम किया। श्री गौतम ने कहा कि नया गांव से पंचमपुर मार्ग का निर्माण, अजयपाल किला पहुंच मार्ग खोरा से सुहावा मार्ग, रमखिरिया से गहरा मार्ग, टिकुरिहा से सिद्धपुर मार्ग ,ऐसे विभिन्न कामों को करने का काम हमारे स्थानीय सांसद ने किया।

## पानी की टपकती बूंदें जो हर चीज को बना देती हैं पत्थर

# पन्ना जिले के जंगल में बेधक कुंड का रहस्य आज भी बरकरार

**पन्ना।** रहस्य और रोमांच से लबरेज़ पन्ना जिले के जंगलों में प्रकृति के ऐसे-ऐसे अद्भुत नजारे देखने को मिलते हैं, जो लोगों को विस्मय मुग्ध कर देते हैं। जिला मुख्यालय पन्ना से लगभग 40 किलोमीटर दूर सालिकपुर सेहा के वियाबान जंगल में एक ऐसा स्थान है, जहां पेड़ की जड़ों से टपकने वाला पानी हर चीज को कठोर पत्थर में तब्दील कर देता है। इस रहस्यमय पानी के संपर्क में आने वाले वृक्ष, जड़ें व सूखी लकड़ी कुछ समय के अंतराल में पत्थर बन जाती हैं। ऐसा क्यों होता है, सैकड़ो वर्षों से यह रहस्य बना हुआ है। गौरतलब है कि बृजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरहों कुदकपुर के निकट घनघोर जंगल में यह अनूठा स्थान है, जिसे बेधक कुंड के नाम से जाना जाता है। रहस्यों से परिपूर्ण इस वन क्षेत्र में चारों तरफ ऊंचे पहाड़ व गहरे सेहे हैं, जहां दिन के उजाले में भी जाने से लोग खौफ खाते हैं। यहां पर गहरे कुंडों की एक पूरी श्रृंखला है। जिनमें बृहस्पति कुंड, सूरजकुंड, पतालिया कुंड व हत्यारा कुंड सहित सात ऐसे कुंड हैं, जिनके बारे में अंचल के लोग जानते हैं। इन सभी कुंडों के पीछे कोई ना कोई गाथा जुड़ी हुई है। इन्हीं में से एक बेधक कुंड है, जहां कठपीपल की पहाड़ से झूलती विशालकाय जड़ों से हमेशा पानी टपकता रहता है। भीषण गर्मी



के दिनों में भी इस स्थान पर गजब की शीतलता का अनुभव होता है। पहाड़ की चट्टानों पर चारों तरफ मधुमक्खियां के बड़े-बड़े छत्ते नजर आते हैं। कुंड के आसपास सुरंग नुमा कई गुफाएं भी हैं, जो भालुओं के अलावा कई तरह के वन्य जीवों का रहवास स्थल हैं। तराई अंचल का यह वन क्षेत्र साधु



### पेट की बीमारी व चर्मरोग के लिए यह पानी रामबाण औषधि

सन्यासियों व तपस्वियों के अलावा डकैतों को भी अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। पूर्व में बेधक कुंड भी डकैतों की पसंदीदा शरण स्थली रही है। घनघोर जंगल व गहरे सेहे में स्थित बेधक कुंड तक पहुंचना आसान नहीं है। दुर्गम व खतरनाक जंगली रास्तों से होते हुए जो कोई भी इस मनोरम स्थल पर पहुंचता है, वह प्रकृति की अद्भुत कारीगरी को देखकर मंत्र मुग्ध हो जाता है। हैरत की बात तो यह है कि पूरे इलाके में कहीं भी पानी की एक बूंद नजर नहीं आती, पहाड़ रुखा सूखा दिखता है। फिर भी इस स्थान पर वृक्ष की जड़ों से रहस्यमय पानी की बूंदे अनवरत रूप से टपकती रहती हैं। यह पानी कहां से और कैसे जड़ों में पहुंचता है, तमाम खोजबीन के बाद भी इसकी गुत्थी आज तक कोई नहीं सुलझा पाया है। यहां जड़ों से टपकने वाला पानी हर किसी के लिए अचरज का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान के बारे में उन्होंने अपने पुरखों से भी यही सुना था कि यहां पानी टपकता है और यह पानी जिस किसी चीज के भी संपर्क में आता है वह पत्थर बन जाता है। यह चमत्कार यहां पर आज भी उसी तरह घटित होता है। पानी के गुणधर्म में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं आया। आश्चर्य चकित कर देने वाली बात यह है की कठपीपल के जिस वृक्ष की जड़ से यह रहस्यमय पानी नीचे टपकता है, उस वृक्ष की जड़ें पत्थर की तरह कठोर हो चुकी हैं। पहाड़ से लटकने वाली लताएं व वृक्षों की जड़ें भी इस पानी के सतत संपर्क में रहने के कारण पत्थर की शक्ल अख्तियार करके अनूठी कलाकृतियों की तरह नजर आती हैं। प्रकृति का यह सृजन अचंभित कर देने वाला है। अंचल के ग्रामीण तथा ग्राम बरहों कुदकपुर के आदिवासी बताते हैं कि बेधक कुंड में जड़ों से टपकने वाले पानी में औषधीय गुण भी मौजूद हैं। बताया जाता है कि इस पानी का सेवन करने से पेट से संबंधित बीमारियां दूर हो जाती हैं। चर्म रोग के लिए बेधन कुंड के पानी को रामबाण औषधि कहा जाता है। अंचल के ग्रामीण औषधि के रूप में यहां के चमत्कारिक जल का उपयोग करते हैं और उन्हें फायदा भी होता है।



## दबंग सरपंच पति एवं सचिव ने मिलकर किया शासकीय राशि का बंदरबांट



पन्ना। जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत कुड़ार में अधिकतर निर्माण कार्यों की राशि आहरण कर सरपंच पति एवं सचिव ने मिलकर शासकीय राशि का बंदरबांट करने का मामला प्रकाश में आया है।

शोसल मीडिया में जारी वीडियो में ग्रामीण वृद्धा और ग्रामीणों ने अपने ही गांव के सरपंच पति, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, एसडीओ, इंजीनियर पर शासकीय राशि का बंदरबाट करने का आरोप लगाते हुये कह रहे है कि सभी कार्य अधूरे है तथा आवंटित राशि आहरण कर शासन की राशि का दुर्पयोग किया जा रहा है। आरोप यह भी है कि सरपंच आदिवासी महिला है और सचिव अपनी दबंगी के कारण आधे-अधूरे बनाये गये चेक डेमों का पैसा आहरण करने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरे है 15 लाख की लागत से बनाई जा रही वन क्षेत्र के पत्थरों का अवैध उत्खनन करके 900 मीटर फसल सुरक्षा दीवाल में जंगल से पत्थर तुड़वाकर सुरक्षा दीवपाल बनाई जा रही है और लीड दिखाकर राशि का बंदरबाट किया गया है। इसी तरह 14 लाख की लागत से बनाई जा रही ग्राम सुदूर सड़क तथा तालाब निर्माण कार्य में भी अनियमित्ता की गई है। ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड के किनारे जो नाली निर्माण किया गया है वह भी गुणवत्ता पूर्ण नहीं है, मानक मापदण्डों से हटकर बनाई है। एक वृद्धा ने रो-रोकर बताया कि मेरे खेत में जबरन पत्थर डालकर सुरक्षा दीवाल बनाई जा रही है अब पत्थर डालने के कारण रास्ता अवरूद्ध हो गया है जुताई के लिये रास्ता न होने के कारण मेरी जमीन सूख गई है। यह काम सबकी मिली भगत से किया जा रहा है अधिकतर कार्य भौतिक रूप से अधूरे है किन्तु कागज में खानापूर्ति कर उसे पूर्ण बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने आक्रोषित होकर आरोप लगाया कि स्टाप डेम, अमृत सरोवर, तालाब निर्माण, सीसी रोड, सुदूर सड़क नाली निर्माण प्रधानमंत्री आवास मेड़ बंधान, फसल सुरक्षा दीवाल, नाडेफ, नल-जल योजना जैसे व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि मनरेगा के कार्यों में जे.सी.बी. मशीनों से कराया गया है ग्राम पंचायत के मजदूरों को नहीं दी गई मजदूरी न दिया गया कार्य अन्य ग्रामों के मजदूरों से कार्य कराया गया है जिसकी जांच की जानी चाहिये ताकि ग्राम पंचायत में किये गये अवैध निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का सही आक्कलन ग्रामीणों के सामने आ सके।



## पन्ना जिले में शिक्षा और पर्यटन की है अपार संभावनायें, जिसे गति देने की है आवश्यकता

### पन्ना जिले की प्रकृति एवं जलवायु संस्थानों के अन्वेषण के लिये सर्वथा है उपयुक्त

पन्ना। प्रकृति के अनुपम उपहारों से समृद्ध पन्ना जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनायें मौजूद हैं। यहॉ की प्रदूषण रहित और कोलाहल से मुक्त नैसर्गिक आबोहवा शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के लिए अत्यधिक अनुकूल है। इस दिशा में यदि सार्थक व रचनात्मक पहल हो तो विकास की दृष्टि से पिछड़े पन्ना जिले की तक़दीर व तस्वीर दोनों बदल सकती है।



आज से तक़रीबन 10 वर्ष पूर्व इस ओर शासन व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मैंने एक खबर लिखी थी जो नवभारत में 21 जुलाई 2013 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी हुई थी। उसके बाद पन्ना में पर्यटन विकास के क्षेत्र में कुछ पहल जरूर हुई लेकिन पन्ना की जो संभावनाएं हैं वे अभी तक मूर्त रूप नहीं ले सकी हैं। यहाँ अभी बहुत कुछ करना जरुरी है ताकि प्रकृति प्रदत्त सौगातों का पन्ना के हित में बेहतर व रचनात्मक उपयोग हो सके। पन्ना में वन्य जीव से संबंधित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं सार्टीफिकेट कोर्स की मांग अभी भी प्रतीक्षित है। इस दिशा में ठोस और सार्थक पहल की दरकार है ताकि पन्ना की खूबियों के अनुरूप यहाँ का विकास हो सके। उल्लेखनीय है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पन्ना जिले का जंगल बाघों का उत्तम रहवास है। बाघ पुर्नस्थापना योजना को मिली अभूतपूर्व कामयाबी के बाद पन्ना टाइगर रिजर्व की ख्याति देश ही नहीं विदेशों में भी फैल चुकी है। दुनिया भर के वन्य जीव विशेषज्ञ व वैज्ञानिक पन्ना की कामयाबी को बड़े कौतूहल से देख व समझ रहे हैं। पन्ना की यह सफलता की कहानी अब पूरे म.प्र. की उपलब्धि बन गई है। इस पूरे अवसर का बेहतर उपयोग करते हुए यदि पन्ना टाइगर रिजर्व तथा यहां की नैसर्गिक व सांस्कृतिक धरोहरों को शिक्षा से जोड़ दिया जाय तो यहां आजीविका के बेहतर अवसरों का भी सृजन होगा। पूरे देश में वन्य जीव से संबंधित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं सार्टीफिकेट कोर्स मात्र भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून, बंगलौर व अलीगढ़ विश्वविद्यालय में उपलब्ध है। जैव विविधता के क्षेत्र में रोजगार के अवसर असीमित हैं। इस असीमित जैव विविधता आधारित शिक्षा को स्थानीय तौर पर वैकल्पिक स्थायी आजीविका के रूप में तब्दील करने की दिशा में जैव विविधता महाविद्यालय व प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हर दृष्टि से बेहतर होगा। मालुम हो कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल व भारत की सांस्कृतिक धरोहर खजुराहो से पन्ना अत्यधिक निकट है। पूरी दुनिया के पर्यटक खजुराहो की अद्भुत शिल्प कला को निहारने आते हैं, जिन्हें सहजता से पन्ना की तरफ भी आकृष्ट किया जा सकता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री यदि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के इस पिछड़े जिले की बेहतरी के लिए यहां पर्यटन के विकास



तथा जैव विविधता महाविद्यालय व प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु रूचि लेते हैं तो यह इस क्षेत्र के लिए उनके द्वारा दी गई अनुपम सौगात होगी। इससे पन्ना ही नहीं बल्कि समूचे प्रदेश का गौरव बढ़ेगा।

### जैव विधिता पर आधारित कोर्स उपयोगी

बाघ पुनर्स्थापना योजना के शिल्पी तथा पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक रहे आर.श्रीनिवास मूर्ति का कहना है कि जैव विविधता विषय पर आधारित बी.एस.सी., एम.एस.सी., डिप्लोमा व सार्टीफिकेट कोर्स संचालित किया जाना अत्यधिक उपयोगी व जिले के हित में होगा। संस्थान के लिए एमएमडीसी के खली पड़े अतिरिक्त भवन लिए जा सकते हैं। प्रस्तावित कोर्सों के संचालन हेतु प्रयोगशाला के रूप में पन्ना टाइगर रिजर्व का उपयोग हो सकता है।



## जनपद पंचायत शाहनगर के प्रभारी सी.ई.ओ. का दुखःद निधन

**पन्ना।** प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत शाहनगर के सी.ई.ओ. प्रसन्न चक्रवर्ती का हृदय गति रूक जाने से अचानक स्वर्गवास हो गया है। अब प्रसन्न चक्रवर्ती हमारे बीच नहीं रहे, यह बड़ी मुश्किल की घड़ी और हृदय विदारक घटना है ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे और उनके परिवार को इस असीम दुख सहन करने की शक्ति दे, ओम शांति।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ विधायक भी गांव-गांव जाकर कर रहे विकास की दिशा तय


**गुनौर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश वर्मा गांव गांव में जाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं में विकसित भारत यात्रा को संकल्पित रूप पूरा करने के उद्देश्य को सराहनीय पहल से ग्राम पंचायतों मैं शिविर लगाकर योजनाओं के जन कल्याणकारी विकसित भारत को सकारात्मक दिशा हेतु संकल्पित नेतृत्व को जनता के बीच में सरोकार कर रहे हैं इसी क्रम में सुंगरहा, बिल्हा में शिविर आयोजन में पहुंचे उन्होने कहा सरकार की लोक जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल में लाभ देने के लिए यह पंडाल लगाए जा रहे है सरकार का प्रयास है कि अंतिम छोर में रह रहे गरीब को लाभ मिले, बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पंचायत वार कैंप के माध्यम से बड़े स्तर पर मुहिम चलाई जा रही है की कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रह सके अंत्योदय के सपनों को साकार करना भाजपा सरकार की गारंटी है। ये मोदी की गारंटी का रथ हर पंचायत में पहुंच रहा है सरकार की मंशा है विकसित गांव बने विधायक ने कहा जनता ने मुझे आशीर्वाद देकर मुझे आशीर्वाद दिया है हम पांच साल के भीतर शेष बचे कामों को पूरे करने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कृष्ण कुमार पाठक, गुनौर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र अवधिया, श्रीकांत त्रिपाठी, गुनौर मंडल महामंत्री रामनारायण दाहिया,राजेंद्र त्रिपाठी, पंकज दुबे,पहलाद गौतम,सरपंच खिल्ली बाई रजक, सचिव सुमन चौधरी, रोजगार सहायक अनुराग पटेल,समाजसेवक गुड्डू राजा,लल्लू महाराज , दिनेश पटेल, राजा बाबू, श्रीकांत , राघवेंद्र सिंह, राजू पाठक,कौशल दुबे, रामचरण पाठक,राजेंद्र नायक,तहसीलदार,सीईओ जय प्रकाश चतुर्वेदी, सोनू पाठक,राजेंद्र चौबे एवं सभी विभाग के अधीरकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नप अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह ने हितग्राहियों का कराया गृह प्रवेश

**गुनौर :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गुनौर नगर में हरिभूमि पत्रकार राकेश लखेरा का गृह प्रवेश कर कार्यक्रम वार्ड क्र.5में आयोजित किया गया। जिसमें गुरुजी श्री रामखेलावन धतूराहा के द्वारा पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह उपध्यक्ष चंदन सपेरा, पार्षद प्रतिनिधि रावेंद्र यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर गृह प्रवेश कराया। कार्यक्रम में नप अध्यक्षा ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को नगर परिषद की ओर से योजना का लाभ दिया जा रहा है, हमारा प्रयास है कि गुनौर नगर में एक भी घर कच्चा ना रहे, ऐसी भावना रखते हुए मैं लोगों के हित में आने वाली योजनाओं का लाभ देने में हमेशा तत्पर रहूंगी।



## खबर संक्षेप



### हिंदु जोड़ो यात्रा का 37वां महाभंडारा संपन्न

**छतरपुर।** हिंदू जोड़ो यात्रा के तत्वावधान में हर मंगलवार को कराए जा रहे महाभंडारे के क्रम में गत रोज मोटे के महावीर मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के सदस्यों ने बताया कि महाभंडारे का यह 37वां आयोजन था जिसमें मोटे के महावीर मंदिर के अलावा हनुमान टौरिया और खड़े बब्बाजू मंदिर के पास बैठने वाले जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। उल्लेखनीय है कि हर मंगलवार को शाम 5 बजे से यह महाभंडारा शुरु होता है, जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### आदतन अपराधी की जमानत निरस्त

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में जमानत पर रिहा ऐसे अपराधियों की जमानत निरस्त की जा रही है जो जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर पुनः अपराध घटित कर रहे हैं। इसी क्रम में थाना राजनगर द्वारा ग्राम नांद के निवासी आदतन अपराधी की जमानत निरस्त की गई है। बताया गया है कि उक्त 23 वर्षीय अपराधी निरंतर 8 साल से अपराधों एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में लिप्त रहा है। पूर्व में जमानत पर रिहा होने के बाद भी अपराध एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई, जिसके चलते अपराधी की जमानत निरस्त की गई है।

### विद्युत विभाग ने किया सर्वाधिक शिकायतों का निराकरण

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छतरपुर द्वारा दिसम्बर 2023 में सीएम हेल्पलाइन के ऊर्जा विभाग में दर्ज कराई गई बिजली संबंधित शिकायतों का सर्वाधिक निराकरण करते हुए प्रदेश में दूसरा तथा जिले में पहला स्थान हासिल किया गया है। विभाग को मिली इस उपलब्धि के लिए अधीक्षण अभियंता प्रमिल कुमार मिश्रा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विभाग द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दिसम्बर 2023 में सीएम हेल्पलाइन में कुल 1991 शिकायतें दर्ज की गई थीं जिनमें से 1810 शिकायतों का निराकरण किया गया। सीएम हेल्पलाइन की ओर से छतरपुर वृत्त को 98.15 टोटल बेंटेज स्कोर के साथ ए-ग्रेड दिया गया है।

### एप से होगी प्रश्न पत्र की ट्रेकिंग, केन्द्रों पर रहेगा सख्त पहरा, 5 फरवरी से होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**छतरपुर।** मार्च में संभावित तौर पर लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू हो सकती है। इसलिए इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाएं लगभग एक माह पहले शुरू हो जाएंगी। 5 फरवरी से प्रदेश भर में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इन परीक्षाओं में पारदर्शिता और गोपनीयता बनाए रखने के लिए इस वर्ष नए इंतजाम किए जा रहे हैं। पेपर को लीक होने से बचाने के लिए इस बार कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में हर केन्द्र पर एक अधिकारी तैनात होगा जो मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से परीक्षा प्रश्न पत्र की ट्रेकिंग की जानकारी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में भेजेगा। जिला शिक्षा अधिकारी एमके कौटार्य ने बताया कि परीक्षा प्रश्न पत्र थाने में रखे जाएंगे और यहीं से कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में केन्द्राध्यक्ष के द्वारा प्रश्न पत्र का लिफाफा प्राप्त किया जाएगा। इसकी जानकारी तुरंत एप्लीकेशन पर अपलोड होगी तदोपरांत यह लिफाफा कलेक्टर प्रतिनिधि और परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष के द्वारा विद्यालय ले जाया जाएगा। परीक्षा केन्द्र में बनाए गए कक्ष के भीतर ही लिफाफे की सील खोली जाएगी। इस प्रक्रिया के बाद आगामी एक घंटे तक कलेक्टर प्रतिनिधि केन्द्र में ही मौजूद रहेंगे। पेपर के लीक होने की आशंकाओं को खत्म करने के लिए ये नए कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर तक बाहरी व्यक्ति के आवागमन पर रोक रहेगी। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल, केलकुलेटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक साधन वर्जित रहेंगे।

# लोकसेवा केन्द्रों से ही आमजनों को मिले नकल : कलेक्टर

## कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का किया औचक निरीक्षण

**कलेक्टर संदीप जी.आर. ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यलिय की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा स्टेनो कक्ष, स्टेशनरी, भू-अभिलेख, राजस्व रिकॉर्ड रूम, एनआईसी, नकल एवं डूडा शाखा सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया गया।**

छतरपुर।



इस दौरान डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, रामनिवास चौधरी, ईई पीडब्ल्यूडी आर.एस. शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने नकल शाखा का निरीक्षण करते हुए संबंधित को स्पष्ट निर्देश दिए की आमजनों को नकल लेने कलेक्टर न आना पड़े। उन्होंने लोकसेवा प्रबंधक को निर्देशित किया कि लोकसेवा केन्द्रों से ही आमजन को नकल प्राप्त हो। उन्होंने कहा जो कलेक्ट्रेट में नकल मिलने की बात कहे उस पर तत्काल कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने निर्देश दिए कि नकल का ऑनलाइन आवेदन होने के तत्काल बाद कलेक्ट्रेट में आवेदन का प्रिंट निकालकर नकल तैयार कर संबंधित लोकसेवा केन्द्रों पर भेजें। उन्होंने कहा आमजन अनावश्यक परेशान न हो। कलेक्टर ने समय सीमा से बाहर दिनांक में नकल तैयार कर देने पर संबंधित पर लोकसेवा के नियमानुसार जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने राजस्व रिकॉर्ड में सबसे पहले खसरा, खतौनी, भू-नक्शा आदि आवश्यक दस्तावेजों को प्राथमिकता से स्कैन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जो दस्तावेज जरूरी हैं उन्हें ही रखें बांकी में विनिष्टीकरण की कार्यवाही करें। साथ ही शाखाओं में अनावश्यक सामग्री मिलने पर नाराजगी जताई और विनिष्टीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जी.आर. ने अग्निशामक सिलेंडरों की जांच करते हुए नए सिलेंडर लगाने के निर्देश दिए।

# दादा के साथ रहेंगे मधुर और भूमिका, मां को नहीं मिलेगी कस्टडी



छतरपुर।

छतरपुर के कुटुम्ब न्यायालय ने अदालत में विचाराधीन एक फैसले की सुनवाई करते हुए फैसला दिया है कि मां के द्वारा पुनर्विवाह किए जाने के कारण उसके बच्चों की कस्टडी स्वर्गीय हो चुके पहले पति के पिता के पास रहेगी। मामला छतरपुर के सीताराम कॉलोनी इलाके से जुड़ा है।

### ये था मामला

जानकारी के मुताबिक छतरपुर के सीताराम कॉलोनी में रहने वाले राघवेन्द्र शर्मा का विवाह अलीगढ़ उप्र की निवासी गीता शर्मा के साथ 9 मार्च 2008 को हुआ था। इनके दो बच्चे हैं पुत्र 6 वर्षीय मधुर और पुत्री 11 वर्षीय भूमिका है। विवाह के लगभग 6 साल बाद ही 2014 में एक सड़क हादसे में राघवेन्द्र शर्मा का निधन हो गया था। इसके बाद राघवेन्द्र की पत्नि गीता ने अपने मायके पक्ष के कहने पर अलीगढ़ निवासी दिलीप शर्मा के साथ 2020 में दूसरा विवाह कर लिया था। इस मामले राघवेन्द्र के पिता गिरप्रसाद शर्मा ने अदालत में पक्ष रखा था कि उसके बेटे की संतानों की सुरक्षा और पालन-पोषण मां के साथ उसके नए पति के द्वारा नहीं हो सकती इसलिए बच्चों की कस्टडी उन्हें सौंपी जाए।

अदालत में चली लंबी सुनवाई के बाद इस मामले में फैसला सामने आया है। अदालत ने नाती और नातिन की सुरक्षा और पालन-पोषण के लिए उनके दादा गिरप्रसाद शर्मा को नियुक्त किया है। अदालत ने माना कि महिला के द्वारा दूसरा विवाह कर लेने से बच्चों की संरक्षा उसके पास उचित नहीं है इसलिए दादा को ही संरक्षण नियुक्त किया जाता है।

## तहसील में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

# अब वकीलों ने मांगी धरना प्रदर्शन की अनुमति, प्रशासन का इनकार

छतरपुर।

छतरपुर तहसील में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए वकीलों ने एक बार फिर प्रदर्शन किया है। वकीलों ने तहसीलदार रंजना यादव पर मनमानी के आरोप लगाए हैं। पूर्व में भी उनके विरूद्ध ज्ञापन देने के बाद भी जब कोई हल नहीं निकला तो वकीलों ने अब तहसील की अनियमितताओं के खिलाफ आमरण अनशन और धरना प्रदर्शन करने की अनुमति के लिए ज्ञापन सौंपा है। हालांकि राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी होने के कारण प्रशासन ने इस अनुमति को देने से इनकार कर दिया।

बुधवार को तहसील अधिवक्ता संघ ने एक पेज का ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि तहसील छतरपुर में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण क्षेत्र की जनता और अधिवक्ता परेशान हैं। विधिक प्रयासों से कोई हल नहीं निकल रहा इसलिए अब हमें 25 जनवरी से आमरण अनशन की अनुमति दी जाए। 25 जनवरी को वकील वीडी गुप्ता अनशन शुरू करेंगे। वकीलों ने एसडीएम बलवीर रमण को यह ज्ञापन सौंपा। हालांकि एसडीएम बलवीर रमण ने कहा कि फिलहाल राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी होने के कारण इस तरह के धरना प्रदर्शन की अनुमति जिला मुख्यालय पर नहीं दी जा सकती।



# पुलिस लाइन ग्राउंड पर हुई गणतंत्र दिवस परेड की फाइनल रिहर्सल

### कलेक्टर, एसपी ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

छतरपुर।



आने वाली 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड पुलिस लाइन परिसर में राष्ट्रीय सलामी, परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस हेतु पुलिस परेड ग्राउंड में रिहर्सल की जा रही थी। बुधवार को गणतंत्र दिवस परेड की फाइनल रिहर्सल हुई। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पुलिस लाइन के ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ध्वजारोहण करेंगे। परेड के साथ यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियां का प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा रिहर्सल और पृथक-पृथक प्लाटून का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा परेड कमांडर एवं समस्त प्लाटून कमांडरों एवं परेड में उपस्थित बल को निर्धारित साफ-सुथरी वेशभूषा, पंक्तिबद्ध मार्च, एवं कमांड, हर्ष फायरिंग हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए परिसर में व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश दिए गए। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर यातायात व्यवस्था बाधित न हो इस हेतु यातायात प्रभारी तथा संबंधित अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। गणतंत्र दिवस परेड की परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र छतरपुर श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा तथा सेकंड इन परेड कमांडर सूबेदार नृपेंद्र सिंह के कमांडिंग नेतृत्व में जिला पुलिस बल छतरपुर, विशेष सशस्त्र बल कंपनी 29वीं बटालियन दतिया, नगर सैनिक बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं स्काउट की विभिन्न प्लाटून द्वारा परेड मार्च रिहर्सल संपन्न हुई। गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल पर अपर कलेक्टर छतरपुर नमः शिवाय अरजरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, यातायात प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को एवं संबंधित सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से युवक ने किया सल्फास का सेवन, मौत

### परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए धमकाने के आरोप

छतरपुर।



जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा कला के 25 वर्षीय युवक ने बुधवार की सुबह करीब 7 बजे अज्ञात कारणों के चलते सल्फास का सेवन कर लिया। परिजन युवक को अस्पताल ले गए लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मौत के बाद जिला अस्पताल में युवक का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के परिजनों ने उसकी ससुराल वालों पर धमकाने के आरोप लगाए हैं।

मृतक के परिजन गोविंद कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार को मृतक रवि पुत्र छोटेलाल कुशवाहा उम्र 25 वर्ष का किसी बात को लेकर उसकी पत्नी गीता कुशवाहा के साथ विवाद हो गया था। विवाद के बाद शाम करीब साढ़े 4 बजे उसकी ससुराल ग्राम गढ़ा थाना गुलगंज से करीब एक दर्जन लोग सूरजपुराकला आए और रवि को अपने साथ बड़ामलहरा ले गए। रात करीब साढ़े 9 बजे रवि वापिस अपने घर पहुंचा लेकिन उसने किसी से बात नहीं की और सोने चला गया। इसके बाद बुधवार की सुबह करीब 7 बजे रवि ने सल्फास का सेवन कर लिया। जैसे ही घर के लोगों को इसकी जानकारी लगी वैसे ही वे रवि को बड़ामलहरा अस्पताल ले गए। बड़ामलहरा से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे यहां से भी रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन रवि को शहर के निजी अस्पताल में ले गए जहां रवि ने दम तोड़ दिया। दोपहर के वक्त जिला अस्पताल में रवि का पोस्टमार्टम हुआ। परिजनों का कहना है कि मंगलवार को उसकी ससुराल से आए लोगों ने रवि को धमकाया, जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने बताया कि रवि का विवाह 10 जून 2023 को हुआ था और उसकी 9 माह की बेटी भी है।

## फिर शर्मशार हुआ छतरपुर जिला

# 5 साल की बच्ची को युवक ने बनाया हवस का शिकार

### पुलिस ने दो घंटे में आरोपी को पकड़ा, बच्ची जिला अस्पताल में भर्ती

छतरपुर।

जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र से सामने आई है। ताजा मामले में 5 वर्षीय अबोध बालिका को गांव के ही एक युवक ने हवश का शिकार बनाया है। परिजनों द्वारा थाने में रिपोर्ट किए जाने के बाद दो घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 7 बजे गौरिहार थाने में पीड़िता के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि गांव में उनके खेतों के पास जिस व्यक्ति की जमीन है, उसी के द्वारा उनकी 5 साल की बच्ची को हवस का शिकार बनाया गया है। परिजनों की शिकायत लेकर पुलिस ने बच्ची को इलाज के लिए रवाना कराया और तत्परता से कार्यवाही करते हुए दो घंटे के भीतर 25 वर्षीय आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 376 सहित पॉस्को एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। वहीं पीड़िता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

# 100वीं जयंती पर सामाजिक न्याय के पुरोधा कर्पूरी ठाकुर को दी गई पुष्पांजली

### जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

छतरपुर।




सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जन्म जयंती के मौके पर जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अवधेश यादव सहित अन्य पदा?धिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर नको नमन किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह ने बताया कि एक दिन पहले ही भारत सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय का प्रतीक बताते हुए कहा कि दलितों के उत्थान के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता और उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने पर एक अमिट छाप छोड़ी है। वहीं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अवधेश यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय का पर्याय और पिछड़े वर्गों की वकालत करने वाले राजनेता के तौर पर याद किया जा रहा है। उनकी सरलता और सादगी के कई किस्से आज भी उदाहरण के तौर पर सुनाए जाते हैं। उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए जो न केवल बिहार में बल्कि संपूर्ण देश में मिसाल बने। देश में सबसे पहले उन्होंने ही पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया था तथा पढ़ाई में अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त किया था।

## खबर संक्षेप

### बालिका दिवस पर कलेक्टर मऊगंज ने फातिमा को साइकिल का दिया उपहार



**मऊगंज।** बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने भाटी सेंगर निवासी फातिमा खान को अपनी तरफ से उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की। कलेक्टर ने कहा कि शासन बालिका समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है ।छात्रा फातिमा की साइकिल कॉलेज से गत दिनों चोरी हो गई थी, और उसे अपने गांव से पढ़ने आने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। कलेक्टर को यह बात फातिमा ने गत दिनो बताई थी। आज बालिका दिवस पर कलेक्टर ने अपनी तरफ से फातिमा को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की।

### रेत कर्मचारियों ने भालूमाड़ा पुलिस की खोली पोल

**भालूमाड़ा।** लगातार भालूमाड़ा पुलिस के ऊपर माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते आ रहा था, जिसमें पुलिस के द्वारा रेत माफिया, कबाड़ माफिया सहित अन्य अपराधों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा था जिसे लेकर हाल ही के दोनों कांग्रेस के महामंत्री ने ज्ञापन भी सौंप कार्रवाई की मांग की थी इसके बावजूद पुलिस कार्यवाही करने में आनाकानी कर रही थी। हालांकि लगातार रेत माफियाओं के द्वारा रेत का उत्खनन एवं परिवहन करने की सूचना रेत ठेकेदार के कर्मचारियों को मिल रही थी जिसे लेकर रेत कर्मचारियों ने ग्राम पोड़ी स्थित पिपरिया घाट से सुबह 6 बजे रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते एक ट्रैक्टर वाहन को पड़कर भालूमाड़ा पुलिस के हवाले किया है। बताया गया कि यह ट्रैक्टर वाहन युवराज केवट पिता राम फली निवासी पोड़ी का बताया जा रहा है यह बात तो तय हो गई कि क्षेत्र में अवैध कारोबार संचालित है और इन कारोबार में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। रेत कर्मचारियों ने ट्रैक्टर वह पकड़कर पुलिस की पोल खोल दी है।

### उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य

**अनूपपुर।** शिक्षा से न केवल साक्षरता, संख्या ज्ञान जैसी बुनियादी क्षमताओं के साथ साथ उच्च स्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होता है। यह नैतिक और सामाजिक स्तर का विकास करता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर जोर देती है। इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के निदेर्शानुसार डीपीसी अनूपपुर हेमंत खैरवार एवं एपीसी संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में अनूपपुर जिले में माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड अनूपपुर के प्रशिक्षक उपेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि वह शिवमंगल सिंह श्रीमती रेखा माझी व श्रीमती बॉबी भगत के साथ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कक्षा कक्ष में बच्चों की सक्रियता सुनिश्चित करने की विभिन्न तकनीक जैसे हुक तकनीक, प्रभावी दिशा निर्देश, प्रभावी चर्चा, प्रश्नों का महत्व, समझ की जांच, स्वयं व साथी का आकलन, रचनात्मक फीडबैक, एवं सकारात्मक भाषा पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा शिक्षकों को शैक्षिक संवाद एवं दीक्षा एप के माध्यम से प्रशिक्षण आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक ने मनाई नेताजी की जयंती

# देश के युवाओं को नेता जी के आदर्शों पर चलने की जरूरत- नागेन्द्र कल्चुरी



**रीवा।** भारत के स्व तंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा देश के सबसे बडे नेता के रूप में पहचान रखने वाले सुभाष चन्द्रा बोस वो सख्सियत थे जिन्हो ने देश की आजादी में अपना सब कुछ न्यो छावर कर दिया, उनके द्वारा दिया गया श्जय हिन्दहश् का नारा भारत का राष्ट्री य नारा बन गया है। श्तुम मुझे खून दो मैं तुम्हेय आजादी दूंगाश् का नारा भी उनका था आज हम लोग जो स्वनतंत्रता की हवा ले रहे हैं उनमें नेता जी का सबसे बडा योगदान रहा उक्तद आशय के विचार ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लोक पार्टी के रीवा संभाग के अध्यहक्ष नागेन्द्रक सिंह कल्चुफरी ने सेमरिया के ग्राम गडरी में नेता जी के जयन्ती के अवसर पर व्यभक्तह किये। उन्होरने कहा कि हमारे देश प्रदेश के युवाओं को नेता जी के मार्ग पर चलने की आवश्यरकता है। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ नेता जी के छायाचित्र पर पुष्पा हार एवं दीप प्रज्व लन के साथ हुआ। जयंती कार्यक्रम के पश्चोत सेमरिया तहसील के तहसीलदार को ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्ला।क पार्टी के द्वारा तीन मांग पत्र महामहिम राष्ट्रेपति महोदय, देश के प्रधान मंत्री एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री के नाम सौपा गया। मांग पत्र में मांग की गई है कि सेमरिया को जनपद पंचायत का दर्जा प्रदान किया जाय, देश में जो भी चुनाव कराये जांय वह मतपत्र के माध्यचम से कराये जाय एवं विन्ध्य प्रदेश की पुर्नस्था पना की जाय। इस अवसर पर एआईएफबी अनुसूचित मंच के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साकेत,



समाजसेवी शिवनाथ यादव, अजजा मंच के जिलाध्यदक्ष राजकुमार कोल, जिलाध्य क्ष दिनेश वर्मा ने भी अपने अपने विचार व्यरक्तअ किये। इस अवसर पर मनसुखलाल साकेत, मुन्द्रिका प्रसाद साकेत, शंकरलाल साकेत, बसीम खांन, गोरेलाल आदिवासी, मनभरन कुशवाहा, दिनेश बुनकर, कमलेश्व र पटेल, ओमकार साकेत सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस भवन में किया जायेगा ध्वजारोहण

**रीवा।** गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 26 जनवरी को गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी कांग्रेस पार्टी का ध्वाजारोहण कार्यक्रम कांग्रेस भवन घोघर में जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा द्वारा एवं महापौर श्री अजय मिश्रा ''बाबा'' की विशेष उपस्थिति में सुबह 09:00 बजे सम्पन्न होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी का संदेश वाचन किया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा जारी संयुक्त विज्ञप्ति में जिले के कांग्रेस पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, नगर पालिक निगम रीवा के समस्त पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन.एस.यु.आई., कांग्रेस सेवादल, मोर्चा संगठन, एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, समस्त मण्डलम, सेक्टर, के पदाधिकारियों एवं समस्त बी.एल.ए. तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से ध्वाजारोहण कार्यक्रम में 26 जनवरी को सुबह 09:00 बजे कांग्रेस भवन घोघर रीवा में अनिवार्य रूप से पहुचने की अपील की हैं।

### राधा कृष्ण मंदिर में चल रहा सीताराम का जाप

**अनूपपुर।** अनूपपुर के ग्राम पंचायत सकोला के श्री राधा कृष्ण मंदिर में बुजुर्गों द्वारा मां दिसंबर में एक महीना चलने वाली जाप मंत्र इस बार पूरा एक वर्ष निरंतर रात दिन चल रहा है। प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में महिलाएं पुरुष बच्चे वह बुजुर्ग लोग मंदिर में आकर बड़ी-बड़ी राधेश्याम सीताराम पूरा रात दिन जब कर रहे हैं सकोला गांव व आसपास के क्षेत्र में राधेश्याम सीताराम सुनाई दे रहा है जिससे भक्तिमय माहौल बना है। बताया गया कि करीब 40 वर्षों से राधे कृष्ण मंदिर में जाप मंत्र हर महीने चलता था कहा जा रहा है कि मार्च अप्रैल में 1 वर्ष पूरा होने को है समापन के दिन ग्रामीण जनों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में विशेष योगदान सुबह लाल साहू, वृंदावन साहू, केशव साहू, विजय साहू, राजकुमार साहू एवं ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न किया जा रहा है। श्री राधा कृष्ण मंदिर में जो कार्यक्रम चल रहा है इसमें सम्मिलित भक्तजन गोपाल साहू श्याम किशोर साहू कमलेश साहू बिरजू साहू रामकृपाल साहू अनिल साहू सम साहू गुड्डू राम भजन साहू छोटे साहू सम्मिलित हैं।

### 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज आयोजित होगा कार्यक्रम

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार 25 जनवरी 2024 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि 14 वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम विषय वस्तु (थीम) पर केन्द्रित होगा।



## गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल संपन्न



**रीवा।** गणतंत्र दिवस समारोह एसएएफ मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें बच्चों के शारीरिक व्यायाम, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न विभागों की झांकियाँ शामिल होंगी। गणतंत्र दिवस समारोह की परेड तथा अन्य कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल एसएएफ मैदान में संपन्न हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी व बच्चे उपस्थित रहे।

# समाज के उत्थान के लिए कर्तव्य बोध आवश्यक






**रीवा।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई रीवा एवं नगर के द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दिल्ली के आह्वान पर विगत दिनों संजीव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेकहा रीवा में मातृ संगठन के श्री विहारीलाल गर्ग के मुख्य आतिथ्य में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता विहारीलाल गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस समाज में कर्तव्य बोध की स्वतः स्फूर्ति भावना का लगातार प्रवाह रहता है वह समाज सरल और स्वाभाविक रूप से अधिकार पूर्वक अपने उत्थान का रस्ता तय कर लेता है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देश भर के शिक्षा संस्थानो में ऐसा शैक्षिक वातावरण सृजित करने के लिए प्रयत्नशील है। कर्तव्य बोध भावना से प्रेरित होकर राष्ट्रभक्त शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर सभ्य समाज और भव्य राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान स्वयं सुनिश्चित कर सके। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विषय प्रवेश करते हुये जिला सचिव डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र के लिए शिक्षा, शिक्षा के लिए शिक्षक ओर शिक्षक के लिए समाज इस त्रिसूत्रीय शैक्षिक दर्शन का विचार ही यह है कि राष्ट्र की उन्नति का सर्वोच्च सशक्त साधन शिक्षा ही है। जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान विज्ञान और विवेक से विश्व भर में भारत की प्रतिष्ठा स्थापित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द जी और सौर्य, स्वाभिमान तथा सर्वोच्च त्याग के महापराक्रमी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंतियों के प्रकाश में पूरे देश में कर्तव्य बोध पखवाड़ा आयोजन की परम्परा प्रारम्भ की है जिसके बहुत ही सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अरुण द्विवेदी, नगर अध्यक्ष अविनाश गौतम, विकाशखण्ड अध्यक्ष जितेन्द्र चतुर्वेदी, राममणि मिश्रा, पवन पाण्डेय, आर.शरद पई, अनिल द्विवेदी, दिनेश शर्मा, अरुण शुक्ला, हीरालाल द्विवेदी, विजय चतुर्वेदी, अरविन्द तिवारी, सचिन शर्मा, चन्द्रप्रकाश पाण्डेय, श्रीमती प्रवीण द्विवेदी, संगीता सिंह, प्रमिला सिंह, करुणा पाठक, जया द्विवेदी, संजीव द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों और विद्यार्थियों की सहभागिता रही, कार्यक्रम का समापन वंदेमारतम् गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री रामलला जी की आरती एवं पूजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक नामदेव ने किया एवं आभार प्रदर्शन अनिल द्विवेदी संचालक द्वारा किया गया।

## गढ़ और रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारियों को एसपी ने दिखाया पुलिस लाइन का रास्ता, आरक्षक की खुली लॉटरी

**रीवा।** एसपी ने विवेक सिंह ने बुधवार को थाना प्रभारियों का हेरफेर कर दिया। एसपी की नजर में दो निरीक्षक खटक रहे थे संभवतः एसपी की नजर में दोनो निरीक्षक थाना की कमान संभालने में खरे नहीं उतर रहे थे, इसलिए गढ़ और रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी की गद्दी में बैठे निरीक्षक जानकी प्रसाद कोदार एवं प्रकाश चंद पटेल को पुलिस लाइन का रास्ता दिखा दिया है। मजे की बात तो एसपी का फरमान सुनते ही रायपुर कर्चुलियान थाना की गद्दी पर बैठे प्रभारी अपनी गद्दी बचाने के लिए जुगुत-जुगाड़ में लग गये। रीवा में तो उनकी कोई पकड़ नहीं है तो आरक्षकों एंव प्रधान आरक्षकों के तबादला आदेश में संसोधन आदेश निकलवाने के प्रयास में लगा दिये हैं। इसके साथ ही गुढ़ थाना प्रभारी विकास कपीस को गुढ़ से हटा कर गढ़ थाना, अमहिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर का रायपुर कर्चुलियान, कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक विजय सिंह बघेल को थाना प्रभारी अमहिया, जनेह थाना प्रभारी शैल यादव को गुढ़ थाना प्रभारी, गुढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक प्रवीण उपाध्याय को थाना प्रभारी पनवार, सोहागी सोनौरी चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल को थाना प्रभारी डभौरा, बैकुंठपुर में पदस्थ उप निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल को लालगांव चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन में पदस्थ विकास सिंगौर को चौकी प्रभारी सोनौरी थाना सोहागी, मनिकवार चौकी में पदस्थ रामनरेश तिवारी को चौकी प्रभारी गंगेव थाना मनगवां, महिला उप निरीक्षक गीताजंली सिंह को रायपुर कर्चुलियान से हटा कर थाना बैकुंठपुर एंव कार्यवाहक एएसआई महेंद्र सिंह बागरी को गंगेव चौकी से हटा कर मनिकवार पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया। इस उलट फेर में पुलिस लाइन में पड़े आरक्षक वेद प्रकाश वर्मा 1148 की जवा थाना में तैनाती की लॉटरी खुल गई। यहां सोच का विषय यह है कि हमेशा सुर्खियों पर रहने वाले समान थाना प्रभारी पर एसपी की मेहबानी क्यों बरस रही है। जिनके थाना क्षेत्र में पुलिस वाले पर जानलेवा हमला हुआ और आज तक आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आया। इतना ही नहीं असामाजिक तत्वों ने थाना में घुस कर पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़ी और थाना में तोड़ फोड़ को अंजाम दिया। इतना ही नहीं समान थाना क्षेत्र में आये दिन वारदात होते है यहां तक शहर का समान थाना ही ऐसा थाना है जहां सट्टे का कारोबार अपनी जड़े जमाये हुए है। ऐसे थाना प्रभारी को पुलिस लाइन का रास्ता न दिखाना कहीं न कहीं एसपी पर भी सवाल खड़ा कर देता है।

## जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

### कलेक्ट्रेट में कलेक्टर तो जिला पंचायत मे अध्यक्ष फहराएंगी ध्वज

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के aशासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. प्रांगण के मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री दिलीप जायसवाल का प्रातः 8:58 बजे आगमन होगा, प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 9:08 बजे परेड का निरीक्षण, प्रातः 9:15 बजे माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के संदेश का वाचन, प्रातः 9:25 बजे शांति के प्रतीक के रूप में गुब्बारों का छोड़ा जाना, प्रातः 9:30 बजे मार्च पास्ट (परेड), प्रातः 10:30 बजे चलित विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, प्रातः 11 बजे पुरूस्कारों का वितरण एवं प्रातः 11:30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।**कलेक्ट्रेट में कलेक्टर फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज-** गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय अनूपपुर में संचालित समस्त विभागो के कार्यालय प्रमुखो से कहा है कि वे अपने कार्यालय के समस्त अमले के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम में 26 जनवरी को प्रातः 7.45 बजे तक संयुक्त कलेक्ट्रेट अनूपपुर के प्रांगण में उपस्थित होवें। उन्होंने कहा है कि गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय समारोह है और प्रत्येक शासकीय सेवक का यह कर्तव्य है कि वे गणतंत्र दिवस समारोह में अवश्य उपस्थित रहें। समारोह में भाग लेना शासकीय ड्यूटी का अंग है। **जिला पंचायत में जिपं. अध्यक्ष करेंगी ध्वजारोहण-** जिला पंचायत अनूपपुर के प्रांगण में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह द्वारा प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिला पंचायत के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में मेधावी छात्रों को कई वर्षों से लम्बित मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान करने की मांग

### समाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन संप्रेषित

**मऊगं।** शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के मेधावी छात्रो को छात्रवृत्ति कई कई वर्षों से भुगतान हेतु लंबित हैं। महाविद्यालय प्रशासन उदासीन है बच्चों के पालको व सामाजिक कार्यकर्ता गणो व विधिवेत्ता गणों ने मुख्यमंत्री भोपाल को ज्ञापन व मांग पत्र संप्रेषित कर अविलंब शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के मेघावी छात्र समुदाय की छात्रवृत्ति जो कई वर्षों से लम्बित है उसे अविलंब प्रदान करायें जाने की मांग की है।उक्त ज्ञापन व मांग पत्र संप्रेषित करने वाले पालको व सामाजिक कार्यकर्ता गणो व विधिवेत्ता गणो मे अरुण कुमार मिश्र, शिव शंकर मिश्र बरहटा, ममनून सिद्दीकी, रावेंद्र तिवारी, उमेश मिश्रा बराती, अंबरीष द्विवेदी, गिरजा शंकर गुप्ता , देवेन्द्र पाण्डेय, राजेश दुबे, हिंछलाल तिवारी व अन्य लोगो ने मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल को ज्ञापन व मांग पत्र संप्रेषित कर शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के मेघावी छात्रो की छात्रवृत्ति को अविलम्ब प्रदान करायें जाने की मांग की है।

